PREVIOUS YEAR PAPER

RRB Group D 2022 — 15 September 2022, Shift 2

RRB Group D · 15 September 2022 · 12:45 PM - 2:15 PM

89 of the paper's 100 questions · +1 for a correct answer, −0.33 for a wrong one · 90 minutes

Left out of the original paper: 11 (any question that needs a figure or formatting we cannot show, has no answer in the response sheet, or could not be checked against a second copy of the paper).

The official booklet is a scan with no text; ExamBharo typed this paper from it by hand. Report a typing slip through exambharo.com/contact/.

Questions from the Railway Recruitment Board's paper of 15 September 2022, 12:45 PM - 2:15 PM. Each question is followed by its answer, and the answer key is repeated on the last page.

Take it as a timed practice test: exambharo.com/rrb-group-d/previous-year-papers/rrb-group-d-2022-15-sep-shift-2/

Computer Based Test

1. एक धारावाही सीधे चालक पर चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं सदैव _____ होंगी।

(a) धारा की दिशा के समानांतर

(b) परस्पर प्रतिच्छेद करती हुई

(c) धारा की दिशा के लंबवत

(d) चालक की लंबाई के समानांतर

Answer: (c)

2. आरक्षित नकदी निधि अनुपात क्या है?

(a) वह भाग जो बैंक बाजार में निवेशित कर सकते हैं

(b) वाणिज्यिक बैंकों की जमा राशियों का वह न्यूनतम अंश जिस वाणिज्यिक बैंकों को आरबीआई (RBI) के पास रखना होता है

(c) ग्राहक द्वारा बैंक में बनाए रखा जाने वाला न्यूनतम बैलेंस

(d) वह भाग जो बैंकों को ग्राहकों को ऋण देने से पहले बनाए रखना होता है

Answer: (b)

3. [[(0.413) ÷ (0.00413)] - 74.27 - 25.72] का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 1
(b) 0
(c) 0.01
(d) 0.1

Answer: (c)

4. यदि 5, 15, 20, और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 40
(b) 80
(c) 60
(d) 50

Answer: (c)

5. आठ दोस्त, A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से कुछ कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। B, H के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है, जो E के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। C और D, A के ठीक बगल में बैठे हैं। C और F, G के ठीक बगल में बैठे हैं। E, F और H के ठीक बगल में बैठा है। यदि C, D, F और H, मेज के कोनों पर बैठे हैं लेकिन उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है, तो E के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

(a) D
(b) H
(c) C
(d) F

Answer: (d)

6. मार्च 2022 में, भारत के उस समय के राष्ट्रपति - श्री राम नाथ कोविंद द्वारा प्रदान किए गए तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में इनमें से किस राज्य को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया था?

(a) असम
(b) तमिलनाडु
(c) उत्तर प्रदेश
(d) राजस्थान

Answer: (c)

7. यह प्रश्न नीचे दी गई पांच तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है:
(बाएं) 158 518 182 305 510 (दाएं)
यदि दूसरी सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक को सबसे बड़ी संख्या के पहले [illegible] में जोड़ दिया जाए, तो प्राप्त परिणाम क्या होगा?

(a) 8
(b) 10
(c) 6
(d) 7

Answer: (d)

8. अवध बिंदु F से शुरू करता है और पश्चिम की ओर 5 km ड्राइव करता है। वह दाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु D पर रुक जाता है। बिंदु D से बिंदु F तक पहुंचने के लिए उसे किस दिशा में और कितनी दूरी तय करनी होगी? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

(a) पूर्व की ओर 2 km
(b) पश्चिम की ओर 2 km
(c) पूर्व की ओर 7 km
(d) दक्षिण की ओर 7 km

Answer: (d)

9. जलीय जीवों की श्वसन दर, स्थलीय जीवों की श्वसन दर की तुलना में बहुत तेज होती है। क्यों?

(a) जल में O2 की मात्रा अधिक होने के कारण
(b) जल में O2 की मात्रा कम होने के कारण
(c) जल में CO2 की मात्रा कम होने के कारण
(d) जल के प्रदूषित होने के कारण

Answer: (b)

10. 12 cm लंबी एक वस्तु को अवतल लेंस से 15 cm की दूरी पर रखा जाता है। इस वस्तु का 8 cm लंबा आभासी प्रतिबिंब लेंस से _____ की दूरी पर प्राप्त होगा।

(a) +22.5 cm
(b) -10 cm
(c) +10 cm
(d) -22.5 cm

Answer: (b)

11. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
17.99 - 16.02 + 19.89 × 8.19 =?

(a) 330
(b) 42
(c) 162
(d) 122

Answer: (c)

13. वर्ष 2021 तक के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, निम्नांकित में से किस राज्य की महिला साक्षरता दर निम्नतम है?

(a) हिमाचल प्रदेश
(b) उत्तराखंड
(c) राजस्थान
(d) गुजरात

Answer: (c)

14. 3 पुरुष या 4 महिलाएं किसी कार्य को 15 दिन में कर सकती है। 3 पुरुष 9 दिन कार्य करने के बाद कार्य छोड़कर चले जाते हैं। शेष कार्य को 12 दिन में पूरा करने के लिए कितनी महिलाओं की आवश्यकता होगी?

(a) 3
(b) 4
(c) 2
(d) 1

Answer: (c)

15. निम्न में से भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद ग्राम सभा से संबंधित है?

(a) अनुच्छेद 243 A
(b) अनुच्छेद 245 B
(c) अनुच्छेद 242 B
(d) अनुच्छेद 244 A

Answer: (a)

17. संख्या 43162857 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक के बीच अंतर क्या होगा?

(a) 5
(b) 3
(c) 7
(d) 6

Answer: (a)

18. A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 48, 12 और 24 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक साथ मिलकर कार्य करते हुए, वे कार्य को _____ दिन में पूरा करेंगे।

(a) 7
(b) 47/7
(c) 51/7
(d) 48/7

Answer: (d)

19. प्रथम 35 प्राकृतिक संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

(a) 17.5
(b) 18.5
(c) 18
(d) 17

Answer: (c)

20. कमल और कीर्ति की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 5 है। 9 वर्ष [illegible] उनकी आयु का अनुपात 3 : 4 हो जाएगा। कीर्ति की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

(a) 12 वर्ष
(b) 17 वर्ष
(c) 15 वर्ष
(d) 19 वर्ष

Answer: (c)

21. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लेते हुए पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

2 3 5 6 5 7 9 2 4 8 6 5 8 4 8 4 8 3 3 7 8 3

उपरोक्त श्रेणी में ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद भी एक सम संख्या है?

(a) एक भी नहीं
(b) दो
(c) चार
(d) एक

Answer: (d)

22. 50 लड़कों वाली कक्षा की औसत आयु 12.9 वर्ष है। जब एक नया लड़का कक्षा में शामिल होता है, तो औसत आयु बढ़कर 13 वर्ष हो जाती है। नए लड़के की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

(a) 16
(b) 19
(c) 18
(d) 15

Answer: (c)

23. स्वर्ण सिंह समिति ने भारत के संविधान में निम्न में से किसे शामिल करने की सिफारिश की?

(a) समवर्ती सूची
(b) मौलिक कर्तव्यों
(c) मूल अधिकारों
(d) उद्देशिका

Answer: (b)

24. निम्न में से ओडिशा राज्य का कौन सा त्योहार, ओडिशा के समृद्ध समुद्री इतिहास को स्मरण करते हुए पूरे राज्य में मनाया जाता है?

(a) बालि यात्रा
(b) आंवला नवमी
(c) रथ यात्रा
(d) छठ पूजा

Answer: (a)

25. मई 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत में कित.. को 'शास्त्रीय' दर्जा प्राप्त है?

(a) नौ
(b) आठ
(c) सात
(d) छह

Answer: (d)

26. मेंडलीफ की आवर्त सारणी के बारे में कौन सा कथन गलत है?

(a) तत्वों को उनके बढ़ते हुए परमाणु द्रव्यमानों के क्रम में व्यवस्थित किया जाता है।
(b) ऊर्ध्वाधर स्तंभों को 'समूह' कहा जाता है।
(c) क्षैतिज पंक्तियों को 'आवर्त' कहा जाता है।
(d) तत्वों के गुणधर्म उनके परमाणु क्रमांकों के आवर्ती फलन होते हैं।

Answer: (d)

27. _____ का रासायनिक नाम कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्रेट है।

(a) प्लास्टर ऑफ पेरिस

(b) धावन सोडा

(c) जिप्सम

(d) बेकिंग सोडा

Answer: (a)

28. जीवन में जिन पांच बंधनों को जैन धर्म के लोगों द्वारा पालन करना होता है, उनमें से निम्न में से किसका अर्थ गैर-अभिग्रहण (non-acquisition) है?

(a) ब्रह्मचर्य

(b) अपरिग्रह

(c) अस्तेय

(d) अहिंसा

Answer: (b)

29. 200 में 5% की वृद्धि और 15% की कमी करने पर प्राप्त संख्याएं क्रमशः _____ होंगी।

(a) 215 और 150

(b) 210 और 170

(c) 180 और 170

(d) 210 और 175

Answer: (b)

30. 'कुल्हड़' का उपयोग क्यों बंद कर दिया गया है?

(a) वे जानवरों को चोट पहुंचाते थे।

(b) मिट्टी के उपयोग से उपजाऊ मिट्टी की ऊपरी परत को नुकसान हुआ।

(c) वे बहुत महंगे थे।

(d) वे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे।

Answer: (b)

31. समीकरण $(x + 1)^2 - 2(x + 1) = 0$ के _____ है/हैं।

(a) एक वास्तविक मूल

(b) कोई वास्तविक मूल नहीं

(c) दो वास्तविक मूल

(d) दो समान मूल

Answer: (c)

32. निम्न में से कौन सी संख्या 11 से विभाज्य है?

(a) 8245964

(b) 9246864

(c) 7247564

(d) 9248164

Answer: (b)

33. दिए गए कथन और तर्कों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

कथन:
स्कूलों द्वारा प्रत्येक आयु-वर्ग के बच्चों में आत्मानुशासन का विकास करना चाहिए।

तर्क:
I. 7 वर्ष की आयु तक के बच्चे अनुशासन की अवधारणा को समझने के लिए परिपक्व नहीं होते हैं।

II. यदि अनुशासन की शिक्षा किसी अन्य द्वारा दिए जाने के बजाए अनुशासन की भावना स्वतः विकसित हो, तो वह दीर्घकालिक और अधिक प्रभावी रहती है।

(a) I कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि II कथन का समर्थन करता है।

(b) I और II दोनों कथन का समर्थन करते हैं।

(c) I और II दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं।

(d) II कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि I कथन का समर्थन करता है।

Answer: (d)

34. TtWw जीनप्ररूप वाले पौधे द्वारा निर्मित tW युग्मकों का प्रतिशत कि[illegible]ा होगा?

(a) 50%

(b) 37.5%

(c) 25%

(d) 75%

Answer: (c)

35. कार्बन यौगिकों की किसी भी समजातीय श्रेणी में कौन सा गुण बढ़ते आणविक द्रव्यमान के साथ क्रमबद्धता (gradation) नहीं दर्शाता है?

(a) गलनांक

(b) क्वथनांक

(c) दहन

(d) किसी विशेष विलायक में विलेयता

Answer: (c)

36. दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो समान तर्क का पालन करता है।

ALM: EPQ
NSO: RWS

(a) SLT: RVM
(b) FPG: JTK
(c) OSD: PCV
(d) FVD: GOS

Answer: (b)

37. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो सातवीं संख्या से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से, चौथी संख्या तीसरी संख्या से और छठी संख्या पांचवीं संख्या से संबंधित है।

20 : 5:: 56 : 8:: 12 : 4:: 42:?

(a) 7
(b) 21
(c) 6
(d) 10

Answer: (a)

38. एक निश्चित कूट भाषा में, 'DOCTOR' को 'SPUDPE' लिखा जाता है और 'NURSE' को 'FTSVO' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'WOUND' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) CMTNV
(b) EPVOY
(c) EOVPX
(d) OVPOX

Answer: (c)

39. उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

5, 11, 7, 12, 10, 14, 14, 17, 19,?

(a) 21
(b) 20
(c) 22
(d) 23

Answer: (a)

40. इनमें से कौन सा, लैक्टिक अम्ल का प्राकृतिक स्रोत है?

(a) इमली
(b) खट्टा दूध
(c) चींटी का डंक
(d) टमाटर

Answer: (b)

41. 05 सितंबर 2022 तक, निम्न में से कौन भारत के नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक थे?

(a) प्रतिभा पार्कर

(b) दिनेश भाटिया

(c) गौरव अहलूवालिया

(d) गिरीश चंद्र मुर्मू

Answer: (d)

44. कौन सी नदी गौमुख हिमनद (ग्लेशियर) से निकलती है, और देवप्रयाग में गंगा बनने के लिए अलकनंदा नदी में मिलने से पहले लगभग 193 km तक प्रवाहित होती है?

(a) घाघरा नदी

(b) गोमती नदी

(c) कोसी नदी

(d) भागीरथी नदी

Answer: (d)

45. आत्मीय सभा के संस्थापक कौन थे?

(a) नरेंद्रनाथ दत्त

(b) मूल शंकर

(c) गदाधर चट्टोपाध्याय

(d) राजा रामोहन राय

Answer: (d)

46. एक दुकानदार को अलग-अलग प्रकार के सूखे मेवों अर्थात् क[illegible]ादाम, पिस्ता, अखरोट, और पाइन नट्स की पांच डिलीवरी करनी हैं - प्रत्येक की डिलीवरी अलग-अलग तारीख अर्थात- 1, 6, 12, 20 और 30 जुलाई 2022 को निर्धारित की गई है। बादाम की डिलीवरी के ठीक बाद पाइन नट्स की डिलीवरी निर्धारित की गई है, जिसकी डिलीवरी पिस्ता की डिलीवरी के ठीक बाद निर्धारित है। काजू की डिलीवरी, पाइन नट्स और अखरोट की डिलीवरी के ठीक बीच की जानी है। यदि अखरोट की डिलीवरी अंतिम डिलीवरी है, तो बादाम की डिलीवरी किस तारीख को निर्धारित की गई है?

(a) 12 जुलाई

(b) 20 जुलाई

(c) 6 जुलाई

(d) 1 जुलाई

Answer: (c)

47. दिए गए समीकरण में किन दो चिह्नों के स्थान परस्पर बदल देने पर समीकरण गणितीय रूप से संतुलित हो जाएगा?
69 - 23 + 15 ÷ 11 × 12 = -114

(a) + और ÷

(b) - और ÷

(c) - और +

(d) × और -

Answer: (b)

49. एक निश्चित कूट भाषा में, 'DAGGLE' को 'GAJGOE' और 'MARKET' को 'PAUKHT' के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'ACTION' को किस रूप में लिखा जाएगा?

(a) ECWISN

(b) DCWIRN

(c) DCWISN

(d) ECWIRN

Answer: (b)

50. यदि ब्याज ₹3,000 है, वार्षिक साधारण ब्याज दर 6% है, और समय अवधि 4 वर्ष है, तो मूलधन ज्ञात कीजिए।

(a) ₹13,500

(b) ₹17,500

(c) ₹18,000

(d) ₹12,500

Answer: (d)

51. वर्तमान में ज्ञात तत्वों की कुल संख्या कितनी है?

(a) 116

(b) 118

(c) 117

(d) 115

Answer: (b)

52. उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
4, 5, 13, 40,?, 229, 445, 788, 1300

(a) 106

(b) 104

(c) 110

(d) 102

Answer: (b)

53. निम्नलिखित में से क्या निश्चित तौर पर एक समचतुर्भुज की विशेषता नहीं है?

(a) इसके विकर्ण बराबर होते हैं

(b) इसकी आमने सामने की भुजाएं समानांतर होती हैं

(c) इसके विकर्ण लंबवत रूप में द्विभाजक होते हैं

(d) इसकी सभी भुजाएं बराबर होती हैं

Answer: (a)

54. निम्न में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
14.96 + 10.96 + 13.16 - 12.89 × 2.04 =?

(a) 17
(b) 19
(c) 13
(d) 15

Answer: (c)

55. सात व्यक्ति, J, K, L, M, N, O और P, एक ही इमारत की सात अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाली मंजिल का क्रमांक 1 है, और उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 7 है। J एक विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन वह मंजिल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। K और L के बीच तीन लोग रहते हैं, और L सबसे निचली मंजिल पर रहता है। O, K और N के ठीक बीच में रहता है। N सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है। P, J के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। निम्न में से कौन दूसरी मंजिल पर रहता है?

(a) O
(b) J
(c) M
(d) P

Answer: (c)

56. टंगस्टन, मैंगनीन और कठोर रबर के समान विमाओं वाले तीन तार हैं, इसमें से _____ होगा।

(a) टंगस्टन के तार का प्रतिरोध सबसे कम
(b) कठोर रबर के तार का प्रतिरोध सबसे कम
(c) मैंगनीन के तार का प्रतिरोध सर्वाधिक
(d) टंगस्टन के तार का प्रतिरोध सर्वाधिक

Answer: (a)

57. एक दुकानदार द्वारा 20%, 10% और 5% की क्रमिक छूटें दिए जाने के बाद, ₹800 अंकित मूल्य वाली वस्तु को 50% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि समान क्रय मूल्य वाली वस्तु को 60% लाभ पर बेचा जाए, तो उसका विक्रय मूल्य (निकटतम रुपए तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

(a) ₹604
(b) ₹504
(c) ₹584
(d) ₹684

Answer: (c)

58. भारत के उस राज्य की पहचान करें जिसमें बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान स्थित है?

(a) ओडिशा
(b) कर्नाटक
(c) मध्य प्रदेश
(d) आंध्र प्रदेश

Answer: (b)

59. निम्नलिखित में से किन दो लोगों को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 2022 के पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) संघमित्रा बंदोपाध्याय और सुब्बन्ना अय्यप्पन

(b) सुमित अंतिल और जेके बजाज

(c) डॉ. लता देसाई और बसंती देवी

(d) प्रमोद भगत और सुलोचना चौहान

Answer: (a)

60. निम्न में से किसमें उपास्थि मौजूद नहीं होती है?

(a) कंठ (Larynx)

(b) नाक (Nose)

(c) कान (Ear)

(d) वृक्क (Kidney)

Answer: (d)

61. चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं कभी भी _____ नहीं हो सकती?

(a) परस्पर लंबवत

(b) एकसमान वितरित

(c) असमान वितरित

(d) परस्पर समानांतर

Answer: (a)

63. वाहन के पार्श्व दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति किस प्रकार [illegible]गी?

(a) आभासी और उल्टी

(b) वास्तविक और उल्टी

(c) वास्तविक और सीधी

(d) आभासी और सीधी

Answer: (d)

64. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
कुछ तौलिये, साबुन हैं।
सभी साबुन, शैंपू हैं।
सभी शैंपू, ब्रश हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी साबुन, ब्रश हैं।
(II) कुछ ब्रश, शैंपू हैं।

(a) केवल निष्कर्ष II पालन करता है
(b) केवल निष्कर्ष I पालन करता है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है

Answer: (c)

65. समीकरण $2x^2 - 3x - 20 = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

(a) -4, 5/2
(b) 4,-5/2
(c) 4,5/2
(d) -4,-5/2

Answer: (b)

67. नीचे दिए गए कथनों से निकाले जा सकने वाले सही निष्कर्ष का चयन कीजिए।

कथन:
1. $A \leq G < D \geq M$
2. $R > H \geq M$

(a) $D > A$
(b) $H \leq G$
(c) $R \geq A$
(d) $R \geq D$

Answer: (a)

68. उस बंद घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए, जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 8 cm है।

(a) 512
(b) 402
(c) 384
(d) 256

Answer: (c)

69. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो सातवीं संख्या से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से, चौथी संख्या तीसरी संख्या से और छठी संख्या पांचवीं संख्या से संबंधित है।
7 : 2:: 26 : 3:: 63 : 4:: 124:?

(a) 4
(b) 7
(c) 6
(d) 5

Answer: (d)

70. छह दोस्त, G, K, M, P, R, और V में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। R, K से छोटा है लेकिन V से लंबा है, जो कि G से लंबा है। P, M से लंबा है लेकिन G से छोटा है। सभी छह दोस्तों में सबसे छोटा कौन है?

(a) V
(b) G
(c) M
(d) P

Answer: (c)

71. स्वतंत्र भारत के पहले वित्त मंत्री कौन थे?

(a) सीडी देशमुख
(b) आर के शनमुखम चेट्टी
(c) जॉन मथाई
(d) लियाकत अली खान

Answer: (b)

72. पांच दोस्त प्रियंका, मृणालिनी, गीतांजलि, अर्णव और शिवालिक। ने एक ही वर्ष के विभिन्न महीनों अर्थात जनवरी, जुलाई, अगस्त, सितंबर और दिसंबर में यात्रा की। वर्ष में यात्रा करने वाली पहली व्यक्ति गीतांजलि थीं। मृणालिनी ने प्रियंका के तुरंत बाद के महीने में यात्रा की। अर्णव ने शिवालिका से ठीक पहले वाले महीने में यात्रा की, जिसने वर्ष में सबसे अंत में यात्रा की थी। अगस्त के महीने में किसने यात्रा की ?

(a) मृणालिनी
(b) अर्णव
(c) प्रियंका
(d) गीतांजलि

Answer: (a)

73. कविता अपने कार्यालय से 2 km उत्तर की ओर चलती है, फिर वह 270 डिग्री दक्षिणावर्त मुड़ती है और 3 km सीधे चलती है और फिर वह बाएं मुड़ती है और अपने घर पहुंचने के लिए 2 km सीधे चलती है। प्रारंभिक बिंदु के सापेक्ष अब वह किस दिशा में है?

(a) दक्षिण
(b) पश्चिम
(c) पूर्व
(d) उत्तर-पूर्व

Answer: (b)

74. यदि $4\sin^2\theta = 1$ है, और θ एक न्यून कोण है, तो $\cos^2\theta + \tan^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 1
(b) 13/12
(c) 5/13
(d) 1/4

Answer: (b)

75. पादप के वायवीय भागों से वाष्प के रूप में जल की हानि को _____ कहा जाता है।

(a) स्थानांतरण
(b) वाष्पोत्सर्जन
(c) वाष्पीकरण
(d) परिवहन

Answer: (b)

76. NBFC (एनबीएफसी) का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Non-Banking Financial Commodity (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कमोडिटी)
(b) Non-Banking Financial Corporation (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कॉरपोरेशन)
(c) Non-Banking Financial Company (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी)
(d) Non-Banking Financial Commission (नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कमीशन)

Answer: (c)

77. एक उदासीनीकरण अभिक्रिया के लिए, अभिकारक क्या होने चाहिए

(a) लवण और जल
(b) अम्ल और क्षार
(c) अम्ल और जल
(d) क्षार और जल

Answer: (b)

78. _____ के बीच की दूरी, गोलीय दर्पण की फोकस दूरी कहलाती है।

(a) F और ध्रुव
(b) अनंत और C
(c) C और ध्रुव
(d) अनंत और F

Answer: (a)

79. तीन कथन और उनके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं।

कथन:

1. सभी कार, स्कूटर हैं।
2. सभी स्कूटर, ट्रक हैं।
3. कोई भी हेलीकॉप्टर, ट्रक नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई भी ट्रक, स्कूटर नहीं है।

II. सभी कार, ट्रक हैं।

III. कुछ ट्रक, स्कूटर हैं।

IV. कोई भी कार, हेलीकॉप्टर नहीं है।

(a) केवल या तो निष्कर्ष I या IV और III पालन करते हैं।

(b) सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

(c) केवल निष्कर्ष II, III और IV पालन करते हैं।

(d) केवल या तो निष्कर्ष I या IV पालन करता है।

Answer: (c)

80. प्रकाश संश्लेषण के बाद निम्न में से किस प्रकार का कार्बोहाइड्रेट बनता है?

(a) ग्लाइकोजन

(b) मैनोस

(c) फ्रक्टोज़

(d) ग्लूकोज

Answer: (d)

81. (6, y) सह-अभाज्य संख्याओं का एक ऐसा युग्म है, जिसमें y एक प्राकृतिक संख्या है जो 20 से अधिक नहीं है। y के कितने संभावित मान हो सकते हैं?

(a) 8

(b) 7

(c) 5

(d) 6

Answer: (b)

82. एक तिर्यक रेखा p, दो समानांतर रेखाओं l और m को प्रतिच्छेदित करती है। इस प्रकार प्राप्त अंतःकोणों के द्विभाजकों द्वारा निर्मित चतुर्भुज निश्चित तौर पर एक _____ होगा।

(a) वर्ग

(b) समचतुर्भुज

(c) समांतर चतुर्भुज, लेकिन आयत नहीं

(d) आयत

Answer: (d)

85. एक उत्तल लेंस, लेंस से 20 cm की दूरी पर रखे गए पर्दे पर किसी दूरस्थ वस्तु का स्पष्ट प्रतिबिंब निर्मित करता है। लेंस की क्षमता लगभग _____ के बराबर है।

(a) 5 D
(b) -0.05 D
(c) 0.05 D
(d) -5 D

Answer: (a)

86. एक समांतर चतुर्भुज का आधार और संगत ऊंचाई क्रमशः 10 cm और 6 cm है। समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

(a) 45
(b) 30
(c) 75
(d) 60

Answer: (d)

88. 100 Ω प्रतिरोध वाले चालक में 2 A की अपरिवर्ती धारा का प्रवाह होने पर चालक पर विभवांतर निम्नांकित में से कितना होगा?

(a) 20 V
(b) 200 V
(c) 0.02 V
(d) 50 V

Answer: (b)

90. 25 - [7 + 7 of (33 - 4 × 23)] को सरल कीजिए।

(a) -4651
(b) 431
(c) -9313
(d) -395

Answer: (b)

91. अप्रत्यक्ष करों या सब्सिडी के अभाव में, अंतिम माल उत्पाद का कुल मूल्य, उत्पादन के विभिन्न कारकों जैसे मजदूरों को पारिश्रमिक, पूंजी पर ब्याज, भूमि का किराया, आदि के बीच वितरित किया जाता है। और जो कुछ भी बचा है वह उद्यमी द्वारा विनियोजित किया जाता है, उसे _____ कहा जाता है।

(a) बचत
(b) लाभ
(c) व्यय
(d) आय

Answer: (b)

92. संगमरमर (मार्बल) का रासायनिक सूत्र क्या है?

(a) Ca(HCO3)2

(b) Ca(OH)2

(c) CaCO3

(d) CaSO4

Answer: (c)

93. मार्च 2022 में, किस भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता?

(a) अश्विनी पोनप्पा

(b) अश्मिता चालिहा

(c) पीवी सिंधु

(d) साइना नेहवाल

Answer: (c)

94. निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आकर उसे तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?
X4KT, W8PO, V12UJ, U16ZE,?

(a) T16EZ

(b) T20EZ

(c) U20EA

(d) U16EZ

Answer: (b)

95. पांच व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख [illegible] बैठे हुए हैं। रॉबिन, सुधाकर और रुद्र दोनों के ठीक बगल में बैठा है। राजेश, रॉबिन के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। [illegible] दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। रमेश, राजेश और रुद्र दोनों के ठीक बगल में बैठा है। रमेश और रॉबिन दोनों के ठीक बगल में निम्न [illegible] कौन बैठा हुआ है?

(a) सुधाकर

(b) राजेश

(c) रूद्र

(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

Answer: (c)

96. वह शटलर कौन हैं, जिन्होंने वर्ष 2021 में BWF (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय होने का गौरव हासिल किया?

(a) प्रकाश पादुकोण

(b) किदांबी श्रीकांत

(c) बी साई प्रणीत

(d) लक्ष्य सेन

Answer: (b)

97. संतुलित रासायनिक समीकरण के बारे में सही कथन का चयन करें।

(a) समीकरण के दोनों ओर द्रव्यमान समान हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता।

(b) समीकरण के दोनों ओर आयतन समान होना चाहिए।

(c) समीकरण के दोनों ओर अभिकारकों और उत्पादों की संख्या समान होनी चाहिए।

(d) समीकरण के दोनों ओर द्रव्यमान समान होना चाहिए।

Answer: (d)

98. वर्तमान में, अमित और सुमित की आयु का अनुपात 4 : 3 है। 6 वर्ष बाद, अमित की आयु 50 वर्ष होगी। वर्तमान में सुमित की आयु कितनी है?

(a) 33 वर्ष

(b) 24 वर्ष

(c) 44 वर्ष

(d) 37 वर्ष

Answer: (a)

99. √1225 + √6.25 + √12.25 - 8 का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 50

(b) 0.16

(c) 33

(d) 0.75

Answer: (c)

100. एक आदमी ₹3,30,000 में एक पुरानी कार खरीदता है और मरम्मत पर ₹40,000 खर्च करता है। यदि वह इस कार पर 15% लाभ अर्जित करना चाहता है, तो उसे कार किस मूल्य पर बेचनी होगी?

(a) ₹4,30,000

(b) ₹4,27,000

(c) ₹4,35,500

(d) ₹4,25,500

Answer: (d)

Answer key

Answer key as marked in the Railway Recruitment Board's response sheet. "—" means the sheet did not show it clearly.

Computer Based Test

1	**(c)**	2	**(b)**	3	**(c)**	4	**(c)**	5	**(d)**	6	**(c)**	7	**(d)**	8	**(d)**	9	**(b)**	10	**(b)**
11	**(c)**	13	**(c)**	14	**(c)**	15	**(a)**	17	**(a)**	18	**(d)**	19	**(c)**	20	**(c)**	21	**(d)**	22	**(c)**
23	**(b)**	24	**(a)**	25	**(d)**	26	**(d)**	27	**(a)**	28	**(b)**	29	**(b)**	30	**(b)**	31	**(c)**	32	**(b)**
33	**(d)**	34	**(c)**	35	**(c)**	36	**(b)**	37	**(a)**	38	**(c)**	39	**(a)**	40	**(b)**	41	**(d)**	44	**(d)**
45	**(d)**	46	**(c)**	47	**(b)**	49	**(b)**	50	**(d)**	51	**(b)**	52	**(b)**	53	**(a)**	54	**(c)**	55	**(c)**
56	**(a)**	57	**(c)**	58	**(b)**	59	**(a)**	60	**(d)**	61	**(a)**	63	**(d)**	64	**(c)**	65	**(b)**	67	**(a)**
68	**(c)**	69	**(d)**	70	**(c)**	71	**(b)**	72	**(a)**	73	**(b)**	74	**(b)**	75	**(b)**	76	**(c)**	77	**(b)**
78	**(a)**	79	**(c)**	80	**(d)**	81	**(b)**	82	**(d)**	85	**(a)**	86	**(d)**	88	**(b)**	90	**(b)**	91	**(b)**
92	**(c)**	93	**(c)**	94	**(b)**	95	**(c)**	96	**(b)**	97	**(d)**	98	**(a)**	99	**(c)**	100	**(d)**		